हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 फरवरी 2026

04 प्रेम प्रसंग में महाराष्ट्र के युवक की निर्मम हत्या...



08 वन सुरक्षा समिति सदस्यों ने लाभांश राशि नहीं मिलने...





### घर-घर डेटा संग्रहण के लिए अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित

## मोबाइल एप के माध्यम से होगा डिजिटल सर्वे, अधिकारियों ने सीखी कार्यप्रणाली

**कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में सोमवार को जनगणना 2027 की आवश्यक जानकारी से जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें जगगणना से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जनगणना 2027 की आवश्यक जानकारी से जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना 2027 के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा सभा कक्ष में उपस्थित जिले के समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी (तहसीलदार), (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) चार्ज जनगणना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी को प्रक्रिया में आंकड़ों की सटीकता के महत्व आदि की जानकारी से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया गया।

### सत्यापित कर सबमिट करें

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना 2027 के दौरान डेटा संग्रह और उसके जांच की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि आंकड़ा संग्रहण करने के लिए प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन में एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना तथा स्वगणना (एसई) पोर्टल के माध्यम से जानकारी का एकत्रीकरण किए जाने के संबंध में भी अवगत कराया गया। स्वगणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक जानकारी अपडेट कर सकेंगे जिसे बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापित कर सबमिट किया जाएगा। इसी प्रकार प्रशिक्षण के दौरान जनगणना संभाग प्रभारी श्रीमती अनामिका जैन एवं जिला प्रभारी सुश्री आयुषी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को प्रगणक और पर्यवेक्षक के कार्य प्रवाह के संबंध में भी विस्तार पूर्वक समझाया गया। उन्होंने बताया कि पूरी जनगणना प्रक्रिया के दौरान प्रशिक्षण, एचएलबी की पहचान तथा लेआउट मैप, डाटा संग्रहण एवं सत्यापन, डाटा सिंक एवं पर्यवेक्षण तथा समापन और प्रमाणन प्रक्रिया का अनुपालन किया जायेगा।

### निरीक्षण के माध्यम से प्रगणक के डेटा की निगरानी

बैठक के दौरान प्रगणकों के मुख्य कर्तव्य से भी उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसमें प्रशिक्षण, मोबाइल एप के उपयोग, मकान सूचीकरण, एचएलबी का लेआउट तैयार करना, एचएलओ एप के माध्यम से डाटा एकत्रित करना सहित पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने जैसे घटकों की जानकारी दी गई। इसी प्रकार पर्यवेक्षकों के मुख्य कर्तव्य से अवगत कराते हुए बताया गया कि सुपरवाइजर ऐप और फील्ड निरीक्षण के माध्यम से प्रगणक के डेटा की निगरानी,फील्ड कार्य के दौरान प्रगणक को इस कार्य से सम्बंधित कोई समस्या आए तो उसका निराकरण जैसी अन्य जानकारी भी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम राजीव रंजन पांडे, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी (तहसीलदार), (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) चार्ज जनगणना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## चीलाचोन के एकलव्य वेयरहाउस में हजारों क्विंटल मूंग घोटाला!

### प्रशासन की मौजूदगी में टूटा ताला, प्रारंभिक जांच में स्टॉक कम मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखननगर के चीलाचोन स्थित एकलव्य वेयरहाउस में हजारों क्विंटल मूंग गायब होने के सनसनीखेज मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामला उजागर होने के बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों की मौजूदगी में वेयरहाउस का ताला तोड़कर जांच शुरू की गई। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इस गंभीर अनियमितता का खुलासा 14 फरवरी को समाचार पत्र हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद हुआ, जिसके बाद प्रशासन पर दबाव बढ़ा। सोमवार को वेयरहाउस लॉजिस्टिक्स के रीजनल मैनेजर अतुल सोरठे, जिला नायब तहसीलदार अंकित मौर्य, जिला प्रबंधक वासुदेव धवंडे,सेमरी हथनापुर सहित अन्य शाखाओं के प्रभारी, माखननगर शाखा प्रभारी हेमंत चंदेल, मार्कफेड गोदाम प्रभारी विजय चौहान, राजस्व विभाग के पटवारी और वेयरहाउस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वेयरहाउस संचालक को पूर्व में नोटिस देकर बुलाया गया था, लेकिन वह जांच के दौरान उपस्थित नहीं हुईं। अधिकारियों के समक्ष ताला तोड़ा गया और मूंग स्कंध की जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में मूंग की बोरियां कम पाई गईं। मजदूर उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरी गिनती नहीं हो सकी। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को पुनः गणना की जाएगी, जिसके बाद वास्तविक कमी का आंकड़ा सामने आएगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब वेयरहाउस की चाबी शाखा प्रबंधक के पास रहती है, तो इतनी बड़ी मात्रा में मूंग आखिर गायब कैसे हो गई? क्या यह लापरवाही है या सुनियोजित घोटाला?

हजारों क्विंटल मूंग गायब होने के बाद भी प्रशासन की प्रारंभिक सुस्ती चर्चा का विषय बनी हुई है। अब देखना होगा कि जांच कितनी निष्पक्ष होती है, जिम्मेदारों की पहचान कब होती है और क्या इस कथित घोटाले पर सख्त कार्रवाई हो पाती है या नहीं।

## रेत के अवैध उत्खनन कारोबारियों में मारपीट, प्रशासन खामोश

**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन का कार्य कारोबार बन चुका है। फर्जी रायल्टी पर्ची के नाम पर ब्लॉक के सभी नदी नालों से राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन का कार्य कर रहे हैं। और इस कार्य में क्षेत्राधिकार बनाने के चलते और रेतचोरों में आपसी लड़ाईयां बढ़ रही हैं। गत दिनों मुख्य बाजार क्षेत्र में रात्रि लगभग नौ बजे रेत चोरों के दो गुटों के बीच झगड़ा हुआ है। नौबत मारपीट तक पहुंच चुकी थी। इसके पहले भी क्षेत्र में रेतचोरों के बीच झगड़े होते रहे हैं। नागरिकों के अनुसार रेतचोरों की राजनीतिक पकड़ से प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के मन में बैठा भय संघर्ष को खूनी रूप दे सकता है। जिसके चलते जनता भयभीत है, क्योंकि सार्वजनिक स्थानों पर दबंगों के झगड़े आमजनों को प्रभावित कर सकते हैं।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव शादी की तैयारियों के बीच पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मालवीयगंज क्षेत्र में उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब वार्ड नंबर 16 के एक 30 वर्षीय युवक का शव इटारसी-नर्मदापुरम रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ। मृतक की पहचान आशीष पिता सुरेश मलैया के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**अधूरी रह गई शादी की हसरत**

आशीष दो भाइयों में छोटा था और दोनों भाई अभी अविवाहित थे। बताया जा रहा है कि घर में आशीष की शादी की तैयारियां चल रही थीं और परिजन उसके लिए रिश्ता देख रहे थे। लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

### काम पर जाने का कहकर निकला था घर से

परिजनों के अनुसार, आशीष भारत टॉकीज के पास एक समोसे की दुकान पर काम करता था। रविवार सुबह वह हमेशा की तरह काम पर जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन रात भर उसकी तलाश करते रहे और सोमवार सुबह पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में थे, तभी उन्हें ट्रैक पर शव मिलने की सूचना मिली।

### पुलिस जांच में जुटी

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया। एएसआई सुरेंद्र मालवीय ने बताया कि मृतक की पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए इटारसी सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने बंद किया काम, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायालयीन कार्य नहीं किया। जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनोज जराठे ने बताया कि अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर एडीएम राजीव रंजन पांडे को प्रतिवाद ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किये जाने की मांग की है। ज्ञापन अतिरिक्त कलेक्टर को सौंपा गया। सचिव जराठे ने बताया कि इसके पूर्व प्रधान एवं जिला सेंशन न्यायाधीश तृप्ति शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें समस्याओ से अवगत कराया जावेगा। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर के के जराठे एस एस पटेल, प्रशांत तिवारी,सरदार खान,विजया कदम,रोहित पालीवाल, प्रदीप चौबे,अजय तिवारी,बलवंत ठाकुर,राजा चौहान,सुरेंद्र राजपूत, नितेश गौर, संजेश राजपूत,सुरेंद्र सिंह राजपूत श्रीप्रकाश दुबे, योगेश पटेल,मनीष शर्मा,अनूप तोमर,सचिन चौबे, राजू मिश्रा दिलीप ठाकुर,जितेंद्र कौशिक,प्रीतम ठाकुर, कैलाश राजपूत, विपिन चौरसिया, अमित गुबरेले, कल्पेश दुबे, सुंदरलाल वर्मा,ललित अहिरवार,राजेश चौरे, अखिलेश मिश्रा, हेमेंद्र ठाकुर,रविप्रताप दुबे, अजय प्रकाश श्रीवास्तव, हनुमत ठाकुर, रामकुमार दुबे,राजेश अग्रवाल, रत्नेश दुबे, प्रताप ठाकुर,सहसचिव क्षमा चौहान, ग्रंथपाल पीडी चौरे, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ तिवारी, सीके कुरापा, अभिषेक दीक्षित, प्रकाश कुशवाहा आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

## भारतीय सेस्टोबॉल टीम ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने स्वर्णिम सफलता हासिल की है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने ओमान को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस गौरवशाली जीत में नर्मदापुरम जिले के दो होनहार खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दुबई के खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाडिय़ों ने जबरदस्त अनुशासन और तालमेल का प्रदर्शन किया। जीत की घोषणा होते ही दुबई की धरती पर तिरंगा शान से लहराया और चक दे इंडिया के नारों से मैदान गूंज उठा। अंतरराष्ट्रीय रेफरी ने भी भारतीय टीम की गति और खेल कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। विजेता भारतीय टीम में मध्य प्रदेश के दो प्रमुख खिलाड़ी शामिल थे, इनमें वेदांत पटेल पिता शिव मोहन पटेल और साहिल सिंह सिसोदिया पिता गणपत सिंह सिसोदिया शामिल हैं। दोनों ही खिलाडिय़ों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल दिखाया और फाइनल मैच में महत्वपूर्ण अंक अर्जित कर जीत सुनिश्चित की।

## 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव पुराण कथा का शुभारंभ ग्वालटोली सिंधी कॉलोनी में किया गया। ब्रह्मकुमारी विद्यालय से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान शिव पार्वतीकी मनमोहक झांकी मुख्य आकर्षण में रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

## खोज सको तो खोजो हाई मास्क लैंप....



**सोहागपुर।** सोहागपुर में सिविल कोर्ट चौराहे के समीप शास्त्री पार्क में नगर परिषद ने कुछ वर्ष पूर्व व्यवस्थित रोशनी के लिए हाई मास्क लैंप लगाया था। लेकिन यह लैंप पार्क में लगे वृक्ष के पीछे गुम हो गया है। नागरिकों की मांग है की लैंप को हटाकर देनवा लॉज के ठीक सामने स्थित डिवाइडर एंड पॉइंट पर लगाया जाए। ताकि यहां पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो सके।

## न्यास कॉलोनी में दो बाइकों की भिड़ंत में 4 साल का मासूम गंभीर, एक ही परिवार के 5 लोग हुए लहूलुहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सोमवार शाम जब न्यास कॉलोनी स्थित 'साई की बगिया' गार्डन के सामने दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हृदय विदारक हादसे में मासूम बच्चे सहित कुल 7 लोग घायल हुए हैं।

### जिंदगी की जंग लड़ रहा 4 साल का पीयूष

हादसे की सबसे दुखद तस्वीर 4 वर्षीय मासूम पीयूष मालवीय की रही। जहां बड़ों को शरीर पर बाहरी चोटें आईं, वहीं नन्हे पीयूष के सिर में अंदरुनी चोट लगी है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां वह फिलहाल डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में है। एक मासूम की ऐसी हालत देख मौके पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।



### एक ही परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

होशंगाबाद निवासी एक ही परिवार के पांच सदस्य दूसरी बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, जिन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि अगले ही पल उनकी खुशियां पीड़ा में बदल जाएंगी। दिलीप प्रताप 38, दौलत देवहरे, सूरज, और सोनिया 32 सभी इस हादसे में घायल हुए हैं। पहली बाइक पर सवार दीपक ताम्रकार 42 और अजय सोनी 30 भी गंभीर रूप से चोटिल हुए, जिनके चेहरे और हाथ-पैरों पर चोट के निशान हादसे की भयावहता बयां कर रहे हैं।

### मदद को दौड़े स्थानीय लोग

दुर्घटना होते ही आसपास के रहवासी और राहगीर देवदूत बनकर सामने आए। घायलों की कराह सुनकर लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचाया। सड़क पर बिखरे वाहनों और घायलों की स्थिति देख हर कोई यातायात नियमों के पालन और सुरक्षा की दुआ करता नजर आया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की जा रही है और पुलिस हादसे के कारणों की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

### बादल छाए रहेंगे लेकिन बूंदाबांदी के आसार नहीं...

## आज से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

फरवरी माह में तापमान में बढ़ोतरी के बाद फिर उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आगामी तीन दिनों तक जिले में बादलों की आमद रहेगी। इस दौरान बूंदाबांदी के आसार कम बने हुए। हालांकि इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट आने की संभावना है लेकिन बादलों के कारण रात का पारा बढ़ेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि एक दिन पहले यह 31.7 डिग्री था। वहीं न्यूनतम में करीब 1 डिग्री गिरावट आने से राते अभी भी सर्द बनी हुई है। नर्मदापुरम में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 16.9 डिसे दर्ज हुआ।



### बादल आएंगे, बूंदाबांदी के आसार कम

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम में परिवर्तन होगा। जिसके कारण नर्मदापुरम जिले में आगामी तीन दिनों तक बादल रहेंगे। हालांकि इस दौरान बूंदाबांदी के आसार नहीं है। लेकिन दिन के तापमान में मामूली गिरावट आएगी। वहीं रात का तापमान बढ़ेगा।

### पचमढ़ी में रात का पारा 8 डिसे के नीचे

मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव के कारण हिल स्टेशन में तेज ठंड बनी हुई है। बीती रात न्यूनतम तापमान 1.6 डिसे की गिरावट के बाद 7.6 डिग्री पर जाकर ठहरा। वहीं दिन का अधिकतम तापमान मामूली गिरावट के बाद 24.6 डिसे रहा।

## जिले को डिजिटल कार्यप्रणाली में प्रभावशाली प्रगति मिली,प्रदेश में दूसरे नंबर रहा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश में शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन एवं सफल क्रियान्वयन में नर्मदापुरम जिला ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने इस दिशा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जो प्रशासनिक दक्षता और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

जिला सूचना अधिकारी मनीष गुणवान ने बताया कि जिले में अब तक 21882 से अधिक ई-फाइलों का सृजन किया जा चुका है तथा 1,12,359 से अधिक ई-फाइलों का आदान-प्रदान प्रमुख शासकीय कार्यालयों के मध्य किया गया है। इसके अतिरिक्त 51629 ई- रिसिप्ट को सृजित किया गया है। 3,33,568 ई- रिसिप्ट का आदान प्रदान हुआ है। वर्तमान में जिले के 51 शासकीय कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर लिया गया है। साथ ही 22 विकासखंड स्तरीय कार्यालय तथा कलेक्टर कार्यालय के 38 क्षेत्र भी ऑन बोर्ड किए गए हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 111 यूनिट ऑनबोर्ड की गई है। साथ ही 1061 उपयोगकर्ताओं को ई-ऑफिस में ऑनबोर्ड किया गया है। इन कार्यालयों में अब पारंपरिक कागजी फाइलों के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से फाइलों और पत्रों का संप्रेषण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जिले के समस्त मुख्य कार्यालय का संचालन ई ऑफिस प्रणाली से किया जा रहा है। जिले में अब तहसील, अनुविभागीय कार्यालय, सहित जनपद पंचायत कार्यालयों में भी ई-ऑफिस प्रणाली से ही कार्यालयीन कार्य किया जा रहा है। ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई एवं कार्य कुशलता में वृद्धि हुई है, जिससे शासन की योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है।

### निःशुल्क आयुर्वेद एनोरेक्टल चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**नर्मदापुरम।** शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, नर्मदापुरम में एक दिवसीय निःशुल्क एनोरेक्टल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. एस.पी. वर्मा संभागीय अधिकारी, अनॉर्कटल सर्जन डॉ. राम सिन्हा एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस.आर. करोंजिया की उपस्थिति में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पित कर किया गया। शिविर में अर्श (बवासीर), भगंदर, परिकार्तिका एवं अन्य गुदगत रोगों से पीड़ित 164 मरीजों की जांच की गई। विशेषज्ञ टीम में पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान, भोपाल से वरिष्ठ एनोरेक्टल सर्जन डॉ. राम सिन्हा, पीजी स्कॉलर डॉ. रवीन्द्र पाटिल, डॉ. गुंजन, डॉ. सोनाली एवं डॉ. शुभांगी शामिल थीं। जांच के बाद 98 मरीजों को क्षारसूत्र शल्यकर्म के लिए चयनित किया गया।

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क शिविर में 1956 मरीजों को मिला लाभ




**बैतूल।** महाशिवरात्री के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशानुसार आयोजित इन शिविरों में कुल 1956 लाभार्थियों ने चिकित्सकीय परामर्श और उपचार प्राप्त किया। विभाग के 82 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान कीं। आठनेर स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप एवं उपाध्यक्ष विजय जीतपुरे उपस्थित रहे। मुलताई ताप्ती में पार्षद सुरेश पौनीकर तथा नागदेव मंदिर मोरखा में मंदिर अध्यक्ष शिवजी यदुवंशी मौजूद रहे। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में नोडल अधिकारी डॉ. सुशील कुमार सोनी, बारहलिंग ताप्ती में डॉ. दीपक कड़बे, खेड़लकला में डॉ. नरेंद्र डडोरे, सोनाघाटी में डॉ. प्रह्लाद नागले, भैंसदेही शिव मंदिर में डॉ. तुलसीराम तुमडाम, नागदेव मंदिर मोरखा में डॉ. पल्लवी आकरे, गुफा मंदिर बैतूल में डॉ. विनीता महादुले तथा मुलताई ताप्ती में डॉ. राहुल झरबड़े के नेतृत्व में शिविर संचालित हुए। शिविरों में आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उपचार दिया गया। साथ ही विभाग के योग प्रशिक्षक एवं योग सहायकों ने रोगानुसार योग के महत्व और लाभों की जानकारी दी। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

### यूपी के मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

**बैतूल।** मिलनपुर स्टेशन के पास पटरी पर यूपी के मजदूर का शव मिला। मृतक की पहचान रूपेश कुमार कश्यप (28) के रूप में हुई है, जो यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के तिरवड़ का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि रूपेश कुछ दिन पहले ही गन्ना कटाई की मजदूरी करने बैतूल आया था। पुलिस को आशंका है कि रूपेश शराब के नशे में पटरी के पास लेटा हुआ था, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल के पास से उसका बैग बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्टेशन से गुजर रही ट्रेन के चालक ने रेलवे स्टेशन प्रबंधक को इस घटना की सूचना दी थी। प्रबंधक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। रात करीब दस बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद सोमवार सुबह वे अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### राजस्व विभाग द्वारा चलाए जा रहा वसूली अभियान



**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के निर्देशन में एवं एसडीएम बैतूल डॉ अभिजीत सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा लगान वसूली अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इस अभियान के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक भीमराव पोर्टफोड़े ने बताया कि यह अभियान वित्तीय वर्ष 2025-26 की बकाया राशि की वसूली के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज संदेश तातेड कोठीबाजार बैतूल से 60000 रुपए की राशि वसूली की गई। इसके अलावा अन्य बकायादारों से भी वसूली की गई, कुल वसूली 250000 रुपए की गई। बैतूल एसडीएम डॉ अभिजीत सिंह ने बकायादारों से आग्रह किया है कि वे अपनी बकाया राशि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व जमा करा देवें और पेनाल्टी से बचें। राजस्व विभाग की टीम में राजस्व निरीक्षक भीमराव पोटफोडे, धनराज झललारे, गोपाल महसकी, धर्मेंद्र पवार, महेश उइके, जितेंद्र पवार आदि सम्मिलित हैं।

## पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया अंधेकत्ल का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

# प्रेम प्रसंग में महाराष्ट्र के युवक की निर्मम हत्या, शव खेत में दफनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रेम प्रसंग के चलते युवक की निर्मम हत्या कर परिजनों ने शव को खेत में दफना दिया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। खासबात यह है कि जिले में विगत एक माह के भीतर अवैध संबंध/प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की यह चौथी गंभीर घटना है, जो सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों के क्षरण की चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को थाना भैंसदेही को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोडिया में एक मोटरसाइकिल बिना चालक के खड़ी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो मोटरसाइकिल एमपी 48, एम 7850 विसराम साल्वे के घर के सामने खड़ी मिली। विसराम साल्वे घर पर नहीं मिला। उसकी पत्नी सोनाय साल्वे से पूछताछ की गई, जिसने बताया कि उसका पति बाहर गया है तथा पुत्री सुमित्रा सातनेर चली गई है। मोटरसाइकिल चालक के संबंध में वह स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी एवं बार-बार बयान बदलती रही, जिससे संदेह गहराया। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो सोनाय साल्वे ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल चालक शिवम धुर्वे (निवासी महाराष्ट्र) उसकी पुत्री सुमित्रा से मिलने आया था। जहां कहासुनी होन पर उसकी हत्या कर दी और शव खेत में दफना दिया।

### खेत में गड्ढा खोदकर दफना दिया शव

ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस पुराने खेत की ओर पहुंची। हिकमत अमली से पूछताछ में सोनाय साल्वे ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल चालक शिवम धुर्वे (निवासी महाराष्ट्र) उसकी पुत्री



सुमित्रा से मिलने आया था। आपसी कहासुनी के बाद विसराम साल्वे, सोनाय साल्वे एवं सुमित्रा ने मिलकर शिवम के साथ मारपीट की। आरोपियों ने मृतक को थप्पड़ एवं मुक्कों से पीटा, उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए तथा उसे जंगल स्थित खेत में ले गए। वहां सुमित्रा के पिता विसराम साल्वे ने पत्थर पटककर एवं डंडों से वार कर उसकी हत्या कर दी। 13 फरवरी की सुबह आरोपियों ने खेत/जंगल क्षेत्र में गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया, ताकि अपराध छुपाया जा सके।

### पुलिस ने युवक का शव किया बरामद

एसडीएम भैंसदेही को सूचना देकर वैधानिक प्रक्रिया के तहत तहसीलदार एवं नगर परिषद टीम की उपस्थिति में उत्खनन कराया गया। वीडियोग्राफी के साथ कार्यवाही करते हुए लगभग 25-30 वर्षीय पुरुष का शव बरामद किया गया। शव को पीएम के लिए सीएचसी भैंसदेही की मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया। 15 फरवरी को शासन तर्फे उपनिरीक्षक रामप्रकाश कीर की रिपोर्ट पर थाना भैंसदेही में धारा 103(2), 326(बी), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुमित्रा मौसिक, विसराम साल्वे (पिता) और सोनाय साल्वे (माता) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### युवक को फोन कर मायके बुलाया और कर दी हत्या

मृतक शिवम धुर्वे आरोपिया सुमित्रा मौसिक का परिचित था, तथा उसके पीछे पड़ा हुआ था एवं उस पर बुरी नियत रखता था। सुमित्रा विवाहित थी एवं उसके दो बच्चों के साथ ग्राम सातनेर में रहती थी, उसका पति महाराष्ट्र में मजदूरी करता था, जो जनवरी माह में घर लौट आया था। मृतक द्वारा आरोपिया को लगातार परेशान किया जा रहा था एवं धमकाया जा रहा है। इससे परेशान होकर सुमित्रा ने मृतक को 13 फरवरी को अपने मायके ग्राम कौडि?ा बुलाया। माता-पिता के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की, फिर उसके हाथ पैर बांधकर उसे जंगल में स्थित खेत में ले गए, जहां सुमित्रा मौसिक के पिता विसराम साल्वे द्वारा मृतक के सिर पर पत्थर पटककर एवं डंडों से मारकर हत्या कर दी गई। साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से आरोपी विसराम साल्वे के खेत/जंगल क्षेत्र में गड्ढा खोदकर शव दफना दिया गया।आरोपीगण द्वारा अपराध स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### हत्या के खुलासे में इनकी रही सराहनीय भूमिका

घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई। वैज्ञानिक साक्ष्य एवं तकनीकी आधार पर त्वरित जांच की गई। जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण का खुलासा किया गया। इस खुलासे में निरीक्षक राजेश सातनकर, निरीक्षक आबिद अंसारी, उनि. रामप्रकाश कीर, उनि. प्रीति पाटिल, प्रआर. परसराम, प्रआर. छोटेलाल, आर. नारायण जाट, आर. नरेन्द्र ढोके, आर. सनील उइके, आर. सोनू कुमार, सैनिक अमर चौहान, सायबर सेल आरक्षक राजेन्द्र धाडसे एवं दीपेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

### प्रेम प्रसंग के चलते हत्या ही चौथी गंभीर घटना

पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने बताया कि जिले में विगत एक माह के भीतर अवैध संबंध/प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की यह चौथी गंभीर घटना है, जो सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों के क्षरण की चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। ऐसे प्रकरणों में आवेश, सामाजिक दबाव एवं पारिवारिक विवाद के कारण लोग कानून अपने हाथ में ले रहे हैं, जो अत्यंत गंभीर अपराध है। पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेन्द्र जैन ने आम नागरिकों से अपील की है कि व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी संवाद एवं विधिक प्रक्रिया के माध्यम से करें। किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में न लें। सामाजिक, पारिवारिक या वैवाहिक विवाद की स्थिति में पुलिस एवं प्रशासन से सहायता लें। अवैध संबंधों एवं अनैतिक गतिविधियों से उत्पन्न विवादों को गंभीर अपराध में परिवर्तित होने से रोकने हेतु समाज के प्रबुद्धजन आगे आएं।

## न्यायालयीन कार्य का बहिष्कार

# अधिवक्ताओं ने शिवपुरी की घटना का विरोध कर मनाया प्रतिवाद दिवस



**मुलताई।** मुलताई में शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में मुलताई अधिवक्ता संघ ने प्रतिवाद दिवस मनाया। अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायालयीन कार्य का बहिष्कार किया। यह विरोध प्रदर्शन मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर किया गया। अधिवक्ता अनिल शर्मा ने बताया कि राज्य अधिवक्ता परिषद ने अधिसूचना जारी कर सभी जिला एवं तहसील अधिवक्ता संघों से विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया था। जबलपुर में आयोजित विशेष सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर 16 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से विरत रहने तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया था। अधिवक्ता संघ मुलताई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोपहर 12 बजे अभिभाषक कक्ष में एकत्रित होकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी मुलताई के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रदेश में लगातार हो रहे हमलों पर रोक लगाने तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने मुलताई के अधिवक्ता संजीव कुमार झरबड़े के साथ 12 फरवरी की रात हुई आपराधिक घटना पर भी कड़ा विरोध जताते हुए आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता संघ मुलताई के अध्यक्ष सी.एस. चन्देल ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

### महाशिवरात्रि पर पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकाली शिवजी की बारात



**शाहपुर।** पतौवापुरा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में विराजमान भगवान महाकाल की बारात बैंड बाजे के साथ पटाखे फोड़ कर निकाली गई। भगवान भोलेनाथ की बारात में महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल हुए। शिव बारात और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। यह बारात नगर के विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण करती हुई बाबा मनसुखदास प्रांगण में पहुंची, जहां पूरे रीति रिवाज, रस्मों एवं मंत्र उच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ एवं पार्वती जी का विवाह संपन्न हुआ। भगवान भोलेनाथ के विवाह समारोह में नगरवासी एवं आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। इस विवाह कार्यक्रम में मंगल गीत गाए गए। इसके बाद बारात मां पार्वती को लेकर वापस पंचमुखी महाकाल मंदिर झूमते नाचते हुए पहुंची। सभी भक्तों ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर उपवास रखकर भव्य बारात का लाभ प्राप्त किया। भक्तों द्वारा भगवान शिव के जयकारे जय महाकाल, मेरा भोला है भंडारी, जैसे जयकारे लगाए गए।

## कोरोना के बाद बंद पंचवेली एक्सप्रेस का ठहराव अब तक बहाल नहीं

# 50 आदिवासी ग्रामों की जीवन रेखा भौंरा फिर भी एक्सप्रेस ट्रेनों से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

50 से अधिक आदिवासी ग्रामों की जीवनरेखा माने जाने वाले ढोढरा मोहार भौंरा रेलवे स्टेशन पर आज भी लंबी दूरी की एक भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकती।

परिणामस्वरूप पुनर्वास क्षेत्र बंगाली कैंप चोपना सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों यात्रियों को इटारसी, बैतूल, भोपाल और नागपुर की यात्रा के लिए अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके ने 13 फरवरी को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र देकर ट्रेन क्रमांक 19343-19344 पंचवेली एक्सप्रेस का ढोढरा मोहार स्टेशन पर ठहराव पुनः बहाल करने की मांग की है। कोरोना काल से पहले इस ट्रेन का यहां स्टॉपेज था, जिसे महामारी के दौरान बंद कर दिया गया। पिछले तीन से चार वर्षों से क्षेत्र की जनता इसकी बहाली की मांग कर रही है। वर्तमान में ढोढरा मोहार स्टेशन पर




सिर्फ आमला-इटारसी मेमो ट्रेन का ही स्टॉपेज है। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को पहले बस से लगभग एक घंटे में इटारसी,बैतूल पहुंचना पड़ता है, जिसमें करीब 70 रुपये या उससे अधिक अतिरिक्त खर्च होता है। इसके बाद वे वहां से स्लीपर या अन्य लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ते हैं। बंगाली कैंपझ्चोपना पुनर्वास क्षेत्र के लोग रात में चलने वाली स्लीपर बस से इंदौर, भोपाल या नागपुर की लंबी दूरी की यात्रा करते हैं, जबकि दिन में छोटी दूरी की यात्रा के लिए भी उन्हें बस और इटारसी से ट्रेन का सहारा लेना पड़ता है।

### मजदूर, छात्र और मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित

क्षेत्र के अनेक मजदूर इंदौर काम के लिए जाते हैं। उन्हें या तो इटारसी से रात में चलने वाली ट्रेन पकडऩी पड़ती है या लंबी बस यात्रा करनी पड़ती है। छात्र उच्च शिक्षा के लिए भोपाल और इंदौर जाते हैं। सीधी ट्रेन सुविधा न होने से उनका समय और पैसा दोनों अधिक खर्च होता है। मरीजों को इलाज के लिए भोपाल, नागपुर या इंदौर जाना पड़ता है। बस से लंबी यात्रा स्वास्थ्य की दृष्टि से भी जोखिम भरी होती है। भाजपा नेता एवं जनपद सदस्य सुधीर नायक ने कहा कि पंचवेली एक्सप्रेस का ठहराव बहाल होने से पूरे क्षेत्र को बड़ी राहत मिलेगी।

### चार वर्षों से जारी है मांग

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश कावडक़र ने कहा यह जनता की बुनियादी आवश्यकता है। चार वर्षों से मांग जारी है, अब ठोस निर्णय होना चाहिए। व्यापारी अजय मिश्रा,अश्वनी दुबे के अनुसार, रेल सुविधा मजबूत होगी तो व्यापार और आवागमन दोनों को लाभ मिलेगा। स्थानीय आकलन के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों यात्री भौंरा बस स्टैंड से से लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। कोरोना से पहले पंचवेली एक्सप्रेस के ठहराव से उन्हें सीधी सुविधा मिलती थी। उसके बंद होने के बाद से अतिरिक्त खर्च और असुविधा बढ़ गई है। अब सांसद द्वारा रेल मंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद क्षेत्र में उम्मीद जगी है। यदि पंचवेली एक्सप्रेस का स्टॉपेज बहाल होता है तो ढोढरा मोहार स्टेशन फिर से आदिवासी अंचल की प्रमुख रेल कड़ी बन सकता है।

## माता मोहल्ला शंकर मंदिर से निकली बारात, उमड़ा जनसैलाब

# महाशिवरात्रि पर शिव बारात, विधायक ने की अगवानी, शवमय हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर माता मोहल्ला, बीजादेही रोड स्थित शंकर मंदिर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। शाम के समय भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात मंदिर परिसर से धूमधाम के साथ निकाली गई, जो सीमेंट रोड, बस स्टैंड मार्ग होते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

बारात के मंदिर पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने भगवान भोलेनाथ की अगवानी कर आरती उतारी। इस अवसर पर शिव और माता पार्वती का स्वरूप दो नन्हे बच्चों को दिया गया था, जिनकी आरती कर विधायक ने आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और पार्वती पतये हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। बारात के समापन पर शिव-पार्वती की पारंपरिक जयमाला का आयोजन किया गया। जयमाला होते ही श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों के साथ बारात का स्वागत



किया। इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष एवं बच्चों ने सहभागिता निभाई। पूरे मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित किया गया था, जिससे वातावरण भक्तिमय और आलौकिक प्रतीत हो रहा था। शिव बारात में शामिल श्रद्धालु नाचते-गाते हुए नगर भ्रमण करते रहे, जिससे उत्सव का माहौल देर रात तक बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रसादी वितरण किया गया। प्रसादी में साबूदाने की खिचड़ी सहित अन्य व्यंजनों का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने कहा कि मुझे भगवान भोलेनाथ की शिव बारात में सम्मिलित होने एवं अगवानी करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। महाशिवरात्रि आस्था और आत्मचिंतन का पर्व है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। मैं इस भव्य आयोजन के लिए मंदिर समिति और समस्त नगरवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं

# वार्षिक मतदाता पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बैतूल कलेक्टर सम्मानित

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल व एसडीएम को भी मिला सम्मान




**बैतूल।** स्थानीय निकाय की वार्षिक मतदाता पुनरीक्षण कार्य तथा त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को सम्मानित किया गया है।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भोपाल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओ. पी. रावत, पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री आर. परशुराम और आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश मनोज श्रीवास्तव द्वारा कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिले से उत्कृष्ट कार्य के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल मकसूद अहमद तथा एसडीएम भैंसदेही अजीत मरावी को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय निकाय नगर पालिका, नगर परिषद और पंचायत की मतदाता सूचियों के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्य माह अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर नवंबर 2025 की अवधि में किया गया था। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के मार्गदर्शन एवं माइक्रो मॉनिटरिंग में सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा आयोग की समय सीमा में प्राप्त दावे आपत्तियों की जांच एवं निराकरण कर मतदाता सूची को अद्यतन बनाने में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश के सागर एवं दमोह जिलों को भी सम्मानित किया गया। बैतूल जिले की इस उपलब्धि से प्रशासनिक कार्यकुशलता , टीम वर्क एवं निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित करती है।

## 218 यूनिट रक्तदान, 2754 लोगों ने लिया देहदान का संकल्प

# संत रामपाल महाराज के बोध दिवस पर 21 जोड़ों का हुआ दहेज मुक्त विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सतलोक आश्रम उड़दन में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में रविवार से शुरू हुए महाविशाल भंडारे समागम का सोमवार 16 फरवरी को दूसरा दिन था। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाविशाल समागम में लाखों की तादाद में भक्तगण आकर भंडारा प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। समागम की शुरूआत अखंड पाठ की वाणी के साथ हुई। हर वर्ष संत रामपाल महाराज के सानिध्य में विशाल समागमों का आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे विश्व को भंडारे के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस बार संत रामपाल महाराज के बोध दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 17 फरवरी तक महाविशाल समागम मनाया जा रहा



है, जिसमें 3 दिवसीय महाविशाल भंडारा व संत गरीबदास जी महाराज जी की अमृतमय वाणी का खुला पाठ आयोजित किया गया है, साथ ही अन्य कार्यक्रम जैसे रक्त दान शिविर, दहेज मुक्त विवाह का आयोजन 16 फरवरी को किया गया। इस बार संत रामपाल महाराज के पावन सानिध्य में 21 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह महज़ 17 मिनट में ही गुरुवाणी के माध्यम से संपन्न हुआ जिसमें किसी भी प्रकार का कोई बाहरी आडंबर देखने को नहीं मिला, वर व वधू ने साधारण कपड़े पहन रखे थे किसी भी प्रकार का कोई श्रंगार देखने को नहीं मिला। इस 3 दिवसीय समागम में आश्रम की ओर से प्रेरणादाई प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का भी भक्तों ने बढ़ चढक़र अवलोकन किया।

### श्रद्धालुओं के लिए चौबीस घंटे भंडारा

समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चौबीसों घंटे शुद्ध देशी घी से निर्मित लड्डू, जलेबी, हलवा, सब्जी, पुड़ी, दाल, चावल का भंडारा चल रहा है। साथ ही वापस घर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भंडारा प्रसाद के पैकेट भी वितरित किए जा रहे है। भंडारे में आने वाले श्रद्धालु प्रशंसा करते थक नहीं रहे कि ऐसा भंडारा जहां लाखों की तादाद में लोग आ रहे हैं और उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही है, यह केवल सतलोक आश्रम में ही संभव है। शंका समाधान में अपने धर्मग्रंथों से प्रमाण देखकर इस अनमोल ज्ञान से परिचित होकर अभी तक 3221 पुण्यात्माओं ने संत रामपाल महाराज को अपना गुरु धारण कर नामदीक्षा ली है।

## खबर संक्षेप

### श्री नर्मदा पुराण कथा बुधवार से



**माखननगर।** शंकर मंदिर मंडी प्रांगण नसीराबाद रोड पर बुधवार 18 फरवरी से श्री नर्मदा महापुराण का आयोजन किया जा रहा है कथा वाचक प्रमोदानंद महाराज उमरखेड़ी वाले बुधवार से प्रतिदिन 1 बजे से 4 बजे पुराण कथा सुनाएंगे। कथा का आयोजन शंकुल कुच बंदिया परिवार द्वारा किया जा रहा है पार्षद विशाल संकुल ने समस्त धर्म प्रेमियों से कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### मालाखेड़ी में 3 करोड़ से बन रहा सब स्टेशन

**नर्मदापुरम।** शहर मालाखेड़ी में एक नया विद्युत सब स्टेशन बनाया जा रहा है। यह सब स्टेशन 3 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है और इससे हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। इसके टेंडर हो गए हैं। वहीं ठेकेदार भी आवंटित कर लिया गया है । सब स्टेशन के लिए एसडीएम की अनुमति से जल्द ही जगह का सीमांकन कराकर काम शुरू कर दिया जाएगा। डीजीएम अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि शीघ्र इसका काम शुरू होगा और कई लोगों को फायदा मिलेगा। इसमें पहाड़िया के पास से लेकर मालाखेड़ी, माखन नगर रोड तक कनेक्शन दिए जाएंगे।

### महाशिवरात्रि पर नर्मदा तट से शिवालयों तक गूंजे हर-हर महादेव के जय घोष

# हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के तट पर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का अभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भैरूंदा तहसील श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगी नजर आई। भोर की पहली किरण के साथ ही क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। 'हर-हर महादेव' और 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पावन तट पर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।सबसे अधिक भीड़ नर्मदा के प्रसिद्ध नीलकंठ स्थित कौशल्या संगम पर उमड़ी। तड़के से ही श्रद्धालुओं का सैलाब यहां पहुंचने लगा था। स्नान के बाद भक्तों ने विधि-विधान से पूजन कर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित किए।

कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और बच्चों के साथ पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ अर्जित किया। घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले।तहसील के प्रमुख शिवालयों—नीलकंठेश्वर महादेव, सातदेव मंदिर, पातालेश्वर मंदिर, टपकेश्वर महादेव सलकनपुर और मनकामेश्वर मंदिर—में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। मंदिरों में पंचामृत से अभिषेक किया गया। दूध, दही, शहद, घी और शक्कर से भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली, सुखद वैवाहिक जीवन और समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन और शिव महिमा के गुणगान से धार्मिक वातावरण और भी पवित्र हो उठा।नर्मदा के अन्य प्रमुख घाटों—मंडी, सिलकंठ, छीपानेर और सातदेव तट—पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। स्नान-दान और पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला दिनभर चलता रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर भजन संध्या और रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने नीलकंठ घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी और कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई थी। घाटों पर बैरिकेडिंग कर भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए।वहीं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में थाना भैरूंदा और गोपालपुर थाना पुलिस बल तैनात रहा। घाटों पर गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई थी, ताकि स्नान के दौरान किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर भैरूंदा में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। धार्मिक स्थलों पर फलहारी प्रसाद के रूप में साबूदाने की खिचड़ी, भगर की खीर, हलवा और सीरा वितरित किया गया। कई मंदिरों और घाटों पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।नर्मदा तट से लेकर शिवालयों तक उमड़ा यह आस्था का जनसैलाब महाशिवरात्रि को अविस्मरणीय बना गया। भक्तों के चेहरों पर भक्ति की आभा और मन में शिव के प्रति अटूट विश्वास साफ झलकता रहा। पूरे क्षेत्र में दिनभर श्रद्धा, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

# दो माह से तैयारी, लेकिन अब तक नहीं बना सुलभ कांप्लेक्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार में नप का शॉपिंग कांप्लेक्स बना है। जिसके समीप दो माह पूर्व नगर परिषद ने शौचालय निर्माण की योजना पर काम शुरू किया था। लेकिन कार्य अपूर्ण है। जिससे व्यापारियों में नाराजगी है।

मामले में शहरी मुख्य बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने बताया कि पहले व्यापारिक परिसर की उत्तरी दीवार एवं पुराने नप कार्यालय के बीच के क्षेत्र में शौचालय बना हुआ था। जिसके कारण बहुत अधिक गंदगी होती थी और बदबू आती थी। नप से व्यापारियों ने शिकायत की तो नई योजना पर काम शुरू हुआ। तथा तय किया गया कि शॉपिंग कांप्लेक्स के दक्षिण क्षेत्र में राजस्व विभाग की दीवार के समीप शौचालय बनाया जाएगा। जिसके लिए पुराने निर्माण को तोड़ा गया तथा तय किया गया कि शीघ्र ही शौचालय निर्माण होगा। लेकिन लगभग डेढ़ से दो माह का वक्त बीतने के बाद भी अब तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

### बस दे रहे आश्वासन

व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी से उक्त संबंध में गुहार लगाई है कि जल्द शौचालय निर्माण कराया जाए। लेकिन वे सिर्फ आश्वासन देकर ही रह जाते हैं। वहीं हरिभूमि संवाददाता ने मामले में जब नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि शौचालय निर्माण का काम घोषित है, एवं इस पर शीघ्र ही कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि वर्तमान परिषद जनता के हित में कार्य के लिये संकल्पित है तथा योजना अनुसार जल्द कार्य होगा।

# दिव्यांग शिविर में सुविधाओं की कमी, जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत में दिव्यांग जनों के लिए आयोजित शिविर में कई अनियमितताएँ सामने आईं। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में दिव्यांग बच्चों की पहचान और जांच की गई, लेकिन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया द्वारा पीने के पानी, कुर्सियाँ और अन्य आवश्यक सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा गया। इस संबंध में पंचायत अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने शासन से जांच की मांग की है, साथ ही पंचायत के कर्मचारियों के प्रमोशन और दुकानों की नीलामी पर भी सवाल उठाए हैं।

# सेवा समिति ने बिल्व पत्र के पौधे वितरित किए




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर जिला नर्मदापुरम एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गूजरवाड़ा ने महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारे के साथ-साथ बिल्व पत्र पौधे वितरित किए। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव, सचिव शुभम गोस्वामी, वीरेंद्र यादव मानागांव सतीश यादव, कोटगांव आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता की हत्या से आक्रोश, वकीलों ने किया कार्य का बहिष्कार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई नृशंस हत्या के विरोध में इटारसी के अधिवक्ता संघ ने उग्र प्रदर्शन किया। अभिभाषक संघ इटारसी के आह्वान पर सोमवार को जिले के समस्त वकीलों ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया और सुरक्षा की मांग को लेकर हुंकार भरी।

### कोर्ट परिसर से जयस्तंभ तक निकाली रैली

सोमवार सुबह अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रमेश सिंह राजपूत और सचिव पारस जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर से रैली निकाली। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



### एक सप्ताह में लागू हो एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट

अभिभाषक संघ के सचिव पारस जैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, हम अपने संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत के आह्वान पर यह आंदोलन कर रहे हैं। शिवपुरी में हमारे एक साथी अधिवक्ता की भाड़े के हत्यारों ने हत्या कर दी है, जिससे पूरे प्रदेश के वकीलों में असुरक्षा की भावना है। हमारी मुख्य मांग हत्यारों को फांसी और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर शासन द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के अधिवक्ता भोपाल में मुख्यमंत्री निवास/कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

### वकील की हत्या से आक्रोशित अधिवक्ता संघ ने दिया ज्ञापन



**माखननगर।** शिवपुरी के करेरा तहसील में कोर्ट जाते समय अधिवक्ता संजय सक्सेना की हत्या कर दी गई जिससे अधिवक्ताओं में गहरा क्षोभ है। आक्रोशित अधिवक्ता संघ ने स्थानीय तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमें मांग की गई है। प्रदेश मे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तुरंत लागू किया जाए वही ज्ञापन में कहा गया है दिन दहाड़े हुई इस घटना से प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़ा किया है। ज्ञापन में अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता सदस्य मौजूद रहे।

# श्री शंभू दरबार में महारुद्राभिषेक आयोजन का देर रात हुआ समापन

**सोहागपुर।** महाशिवरात्रि उत्सव अंतर्गत नगर में पलाश परिसर कालोनी के श्री शंभू दरबार में रविवार को महा रुद्राभिषेक आयोजन किया गया। श्री शंभू दरबार संचालक गृहस्थ संत पंडित प्रकाशचंद मुद्गल ने बताया कि त्रिलोक के स्वामी भगवान भोलेनाथ के प्राकट्य दिवस महाशिवरात्रि पर्व पर श्री शंभू दरबार सोहागपुर में प्रति वर्ष अनुसार महारुद्राभिषेक कार्यक्रम किया गया। जिसमें श्री शंभू भक्त मंडल सदस्यों तथा श्रद्धालुओं ने शिव व पार्वती का अभिषेक एवं पूजन कर धर्म लाभ पाया।

मुख्य यजमान बंशीलाल सांखला ने बताया कि पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन पं. मनमोहन मुद्गल की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से सनातनी जागरण के लिए वर्षों धार्मिक कार्यक्रम किये गए। अब ब्रम्हलीन पंडित मनमोहन मुद्गल की अगली पीढ़ी द्वारा पिता के धर्म परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में महारुद्राभिषेक आयोजन किया गया।



### चारों प्रहर की पूजा

पं. प्रकाशचंद मुद्गल ने बताया कि इस दौरान चारों प्रहर की पूजन की गई। नमक-चमक से आचार्य गौरीशंकर राजोरिया व पं. स्वदेश दुबे बरेली ने पं. प्रकाशचंद मुद्गल के सानिध्य में अभिषेक संपन्न किया। पूजन में मिश्रीलाल साहू, महेश सोनी, शंकर सिंह चौहान, कैलाश सोनी, सौरभ अग्रवाल, कपिल पटवा, महेश साहू, रामचरण पटेल, संजय दुबे, शालू भदौरिया, संजय किरार, राजेश पटेल, प्रीतम सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर मंदिरों में हुए अनुष्ठान पूजन-भंडारे



**माखननगर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के शिवालय में अनुष्ठान अभिषेक एवं प्रसादी वितरण किया गया। पिपरिया रोड पर साइ दर्शन में साइ बाबा मंदिर में अभिषेक हवन प्रसादी वितरण की गई। पटवारी लाइन हनुमान मंदिर से हनुमान मंदिर छोटे बालाजी महिला मंडल द्वारा भोलेनाथ की बारात का आयोजन किया गया भगवान भोलेनाथ की बारात प्रमुख मार्गो से निकल गई। जिसमें महिलाएं पूरे उत्साह के साथ शामिल हुई। महाआरती कर प्रसादी वितरण की गई।

# दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंड स्तरीय उपकरण वितरण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विकासखण्ड माखननगर अंतर्गत समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विकासखण्ड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिन्हित बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसी श्याम सिंह पटेल के मार्गदर्शन में तथा जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे माखन नगर के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर सहयोगी मोबाइल रिसोर्स कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक अकादमिक कोऑर्डिनेटर एवं क्षेत्र के जनशिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही। एमआरसी द्वारा बच्चों का पूर्व सर्वेक्षण एवं आवश्यक दस्तावेज़ों का संकलन किया गया,



जबकि बीएसी ने संपूर्ण कार्यक्रम के समन्वय एवं व्यवस्थापन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जनशिक्षकों ने अपने-अपने क्लस्टर क्षेत्र से चिन्हित बच्चों एवं उनके पालकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई तथा शिविर की जानकारी व्यापक स्तर पर पहुंचाई। शिविर में उपस्थित एलिम्को के विशेषज्ञ महेंद्र कुमार, सौरभ मिश्रा, कृष्णा मौर्य तथा दिनेश यादव द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यकता अनुसार उपकरण स्वीकृत किए गए। पालकों को उपकरणों के उपयोग एवं रखरखाव संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शैक्षणिक मुख्यधारा से जोड़ना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

# जन समस्या निवारण शिविर में उमड़ा जनविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

कुसुम महाविद्यालय, बानापुरा के ऑडिटोरियम हॉल में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विशाल जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं। शिविर में सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने सहभागिता करते हुए आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई एवं समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।

### आमजन की समस्याओं का हुआ मौके पर निराकरण

जनहित को समर्पित इस शिविर में बिजली, पानी, राजस्व, पेंशन, सड़क, आवास, प्रमाण पत्र सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सामने आईं। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि जटिल एवं प्रक्रियाधीन मामलों के समाधान हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा निश्चित समय-सीमा निर्धारित की गई, ताकि नागरिकों को शीघ्र और प्रभावी राहत मिल सके।



### जनता का विश्वास ही हमारी ताकतः विधायक

इस अवसर पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को सुविधा, न्याय और पारदर्शी प्रशासन मिले। जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण ही जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए तय समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### जनसेवा और सुशासन के लिए प्रतिबद्धः नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष रितेश रिंकू जैन ने कहा कि इस जन समस्या निवारण शिविर में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर जनसेवा की भावना से कार्य कर रहे हैं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सुशासन और पारदर्शिता की सोच के साथ आयोजित ऐसे शिविर आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं और आगे भी इसी प्रकार निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

### जनहित की प्राथमिकता बताई

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जो आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं।

### जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे उपस्थित

शिविर में एसडीएम विजय राय, राजेंद्र पालीवाल, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, शिवपुर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर, भीलटदेव मंडल अध्यक्ष सुनील गौर, वीरेंद्र मिश्रा, अजीत मंडलोई, रघुवीर सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य मधु धुर्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ का कार्य बहिष्कार, हत्या की निंदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत और विधानसभा क्षेत्र के सभी अधिवक्ताओं ने करैरा गांव में अधिवक्ता संजय सक्सेना की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या की निंदा करते हुए कार्य का बहिष्कार किया। अधिवक्ता संघ ने नायब तहसीलदार नीरज सिंह बैंस को ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोपी की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की गई।

संघ ने सुरक्षा एक्ट लागू करने की भी मांग की और रैली निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस घटना के बाद शासकीय अधिकारियों के असंवेदनशील रवैये की आलोचना की गई।

